पंजाब केसरी 21/11/2024

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में रिसर्च मैथोडोलॉजी पर हुई कार्यशाला

अम्बाला, 20 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के दिशा-निर्देशन में समाजशास्त्र विभाग द्वारा सी.आर.सी. यूनिट के सहयोग से बुधवार को रिसर्च मैथोडोलॉजी यानी अनुसंधान क्रियाविधि पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के पहले दिन का विषय प्रेजैंटेशन था। समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. मनदीप कौर ने बताया कि प्रेजैंटेशन एक स्लाइड आधारित दृश्य कहानी कहने की सहायता है। इसका उपयोग दृश्य, वाचिक और पाठ्य संचार के माध्यम से दर्शकों तक सूचना एवं भावना पहुंचाने के लिए किया जाता है। किसी प्रस्तुति का उद्देश्य दर्शकों को किसी विषय को समझने में मदद करना होता है। प्रस्तुतियां व्यवसाय, शिक्षा और मनोरंजन में उपयोग की जाती हैं।

सी.आर.सी. यूनिट की संयोजिका डा. भारती सुजान ने बताया कि एक प्रभावशाली प्रस्तुति प्रस्तुतकर्त्ता और उनकी विषय-वस्तु की कथित विश्वसनीयता एवं व्यावसायिकता को बढ़ाती है।

उन्होंने छात्रों को समझाया कि प्रेजैंटेशन देने से पहले वे महत्वपूर्ण बिंदु लिखकर और रूपरेखा तैयार करके शुरुआत करें। कार्यक्रम के सफल संचालन में डा. सरोज, प्रो. शिवानी निझावन, प्रो. सृष्टि कपूर एवं प्रो. अर्चना जैन ने अपना अहम योगदान दिया।

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में रिसर्च मैथोडोलॉजी पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करती विशेषज्ञ। (देवदत्त)